झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 18 / 23 –42 ,राँची / दिनांक:21 / 07 / 2023

पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (इंटरमीडिएट स्तरीय) –2023 एवं पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (मैट्रिक स्तरीय)–2023 के परीक्षाफल प्रकाशन (Result Publication) से संबंधित आवश्यक सूचना

पर्षद द्वारा दिनांक–16.07.2023 को आयोजित पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (इंटरमीडिएट स्तरीय) –2023 एवं पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (मैट्रिक स्तरीय)–2023 में सम्मिलित हुए सभी परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षाओं के परीक्षाफल, पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Result Column" पर प्रवेश परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए अपना परीक्षाफल (Result) अधःभारित (Download) कर सकते हैं। परीक्षाफलों के आधार पर साक्षात्कार से संबंधित सूचना दैनिक समाचार–पत्रों एवं पर्षद के वेबसाईट के माध्यम से शीघ्र ही प्रकाशित की जायेगी।

परीक्षाफलों को अधिक पारदर्शी बनाने के मद्देनजर सभी परीक्षार्थियों के Answer OMR Sheets को स्कैन कर उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर भारित (Upload) कर दिये गये हैं जिसे दिनांक–25.07.2023 से अधःभारित किया जा सकता है। साथ ही उक्त परीक्षाओं के चारों सेटों के प्रश्न–पत्रों के उत्तर कुंजियाँ, (Answer Keys) पर्षद के वेबसाईट पर दिनांक–18.07.2023 को जारी करते हुए दिनांक–21.07.2023 के दोपहर 12:00 बजे तक परीक्षार्थियों से आपत्ति आमंत्रित किये गये थे जिसके आलोक में पर्षद कार्यालय को परीक्षार्थियों से एक भी आपत्ति नहीं प्राप्त हुई। प्रश्न पत्रों के लिए दिनांक–18.07.2023 को जारी उत्तर कुंजियों के ही आधार पर परीक्षाफलों को तैयार किया गया है।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

21/07/23

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक